आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 04.05.2025

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भू–बैकुंठ श्री बदरीनाथ धाम के कपाट आज पूरे विधि–विधान के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुखद स्मृतियों से परिपूर्ण बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।
- रेलवे ने चारधाम यात्रा के लिए भारत गौरव डीलक्स ट्रेन की शुरूआत की।
- और.... मुंबई में जारी वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स का आज होगा समापन।

.......................................................................

बदरीनाथ धाम

भू–बैकुंठ श्री बदरीनाथ धाम के कपाट आज वैदिक मंत्रोच्चार की दिव्य ध्वनि के बीच पूरे विधि–विधान के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। बदरीनाथ मंदिर के प्रांगण से हमारे संवाददाता ने बताया कि मंदिर के कपाट खुलने के अवसर पर श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गयी। श्रद्धा, भक्ति और आस्था के अनूठे संगम के बीच आज आज सुबह 06 बजे शुभ मुहूर्त पर, भगवान विष्णु को समर्पित श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले गए। शुभ मुहूर्त पर बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल जी, धर्माधिकारी व वेदपाठियों द्वारा मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना की गई। इससे पहले विधि विधान से माता लक्ष्मी को गर्भ गृह से निकालकर मंदिर की परिक्रमा कराकर लक्ष्मी मंदिर में विराजमान किया गया। तत्पश्चात भगवान कुबेर जी व उद्धव जी को बद्री विशाल मंदिर के गर्भ गृह में विराजित किया गया।

अब अगले छह माह तक बैकुण्ठ धाम में भगवान की चतुर्भुज मूर्ति के साथ–साथ उद्धव, कुबेर, नारद और नर नारायण के दिव्य दर्शन श्रद्धालु प्रतिदिन कर सकेंगे। मुख्य मंदिर के साथ ही बदरीनाथ धाम मंदिर परिक्रमा स्थित गणेश, घटाकर्ण, आदि केदारेश्वर और आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर व माता मूर्ति मंदिर के कपाट भी इस यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं।

कपाटोद्घाटन से पहले, श्री बद्रीनाथ मंदिर को लगभग 15 टन रंग–बिरंगे और सुगंधित फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिसने मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगा दिए।

श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने विशेष प्रबंध किए हैं। बदरीनाथ धाम में शुद्ध पेयजल, विश्राम गृह, बिजली, स्वास्थ्य सेवा, शौचालय और अन्य मूलभूत सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके अलावा तीर्थयात्रियों की आवाजाही को बेहतर और आसान बनाने के लिए हवाई सेवा शुरू की गई है। साथ ही यात्रा मार्ग का सौंदर्यीकरण भी किया गया है। पुलिस प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि यात्रा पर आने से पहले अपना ऑफलाइन या ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अवश्य करवा लें, ताकि यात्रा प्रबंधन सुगम बना रहे।

……………………………………………………………

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार, देश–विदेश से उत्तराखण्ड आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुखद स्मृतियों से परिपूर्ण बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। आज बदरीनाथ धाम में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा कर देश और राज्य की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर, आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की। इस दौरान श्री धामी ने देवभूमि उत्तराखण्ड आने वाले सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया हरित और स्वच्छ चारधाम यात्रा के लिए राज्य को पूरा सहयोग दें।

इस बीच, मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी से बदरीनाथ धाम के मास्टर प्लान के कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए मंदिर के समीप हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया। उन्होंने जिलाधिकारी को मास्टर प्लान के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा करवाने के निर्देश दिए।

……………………………………………………………

चारधाम रेल

रेलवे ने चारधाम यात्रा के लिए भारत गौरव डीलक्स ट्रेन की शुरूआत की है। यह रेलगाड़ी बद्रीनाथ, जोशीमठ, ऋषिकेश, पुरी, कोणार्क, रामेश्वरम और द्वारका के साथ–साथ काशी विश्वनाथ, भीमशंकर और त्र्यंबकेश्वर की यात्रा के लिए शुरू की गई है।

ट्रेन इस महीने की 27 तारीख को दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। और 17 दिन में चार धाम सहित और अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा पूरी करेगी। ट्रेन की टिकट पहले आओ पहले पाओ के आधार पर रेलवे की वेबसाइट पर बुक की जा सकती है।

……………………………………………………………

वेव्स

मुंबई में जारी वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स आज संपन्न हो रहा है। आज अंतिम दिन फिल्म निर्माण पर कुछ सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। चार दिन के इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को किया था।

यह आयोजन भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास था। आयोजन में 90 से अधिक देशों के दस हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए हैं।

……………………………………………………………

कृषि मंडी

उत्तरकाशी के नौगांव में निर्माणाधीन कृषि मंडी का कार्य अंतिम चरण में है। कयास लगाए जा रहे हैं कि तीन माह के भीतर मंडी का संचालन शुरू कर दिया जाएगा, जिससे यमुना घाटी के किसानों को अगले तीन से चार माह में कृषि मंडी की सौगात मिल जाएगी। उत्तरकाशी से हमारे संवाददाता ने बताया कि रवाईं घाटी के किसान कृषि और बागवानी की दृष्टि से लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। जिले की रवाईं घाटी के नौगांव, पुरोला, बड़कोट, मोरी समेत अन्य क्षेत्रों में मटर, टमाटर, सेब, लाल धान आदि नकदी फसलों का कई मीट्रिक टन उत्पादन होता है। इन फसलों को देहरादून, सहारनपुर और दिल्ली की मंडियों तक पहुंचाने में किसानों को घाटा उठाना पड़ता था। इसलिए लंबे समय से क्षेत्र के किसान कृषि मंडी के निर्माण की मांग कर रहे थे। गौरतलब है कि वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कृषि मंडी का शिलान्यास किया।

……………………………………………………………

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए उत्तराखंड सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में राज्य के चंपावत, नैनीताल और बागेश्वर समेत सभी जिलों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बागेश्वर और चंपावत में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग सत्र की शुरुआत में प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। चंपावत में योग अनुदेशक शंकर सिंह अधिकारी ने योगाभ्यास करवाया, जिसमें योगासन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से तन–मन की शुद्धि और आत्मिक शांति का अनुभव कराया गया। इस पहल ने ग्रामीण क्षेत्र में योग, स्वास्थ्य और प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाने की जागरूकता को बल प्रदान किया।

……………………………………………………………

वनाग्नि

प्रदेश के जंगलों में हर साल बढ़ती वनाग्नि की घटनाओं को रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद– यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत के नेतृत्व में एक अभिनव प्रयास शुरू किया गया, जिसमें 'पीरूल' की सूखी पत्तियों का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। इसी के तहत चंपावत जिले के भींगराड़ा क्षेत्र में एक बंद पड़े जूनियर हाईस्कूल भवन को पीरूल ब्रिकेट यूनिट के रूप में विकसित किया गया। इस कार्य में भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून का तकनीकी सहयोग लिया गया। यह यूनिट आज स्थानीय लोगों की आमदनी का साधन बन रही है और साथ ही जंगलों को आग से भी बचा रही है।

……………………………………………………………

और अब एक नजर आज के मौसम पर...

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के अधिकांश जिलों में 8 मई तक बारिश के आसार बने हुए हैं। विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में छह मई तक बारिश का ऑरेंज अलर्ट और सात व आठ मई को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश, आकाशीय बिजली चमकने और 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफतार से झोंकेदार हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गयी है।

आज राजधानी देहरादून में तड़के हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी, जबकि राज्य के अन्य पर्वतीय जिलों में सुबह के समय हल्की बूंदाबांदी हुई है। पिछले तीन दिनों से रुकरुक कर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आने से लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत ली है।

……………………………………………………………